Series–A

Roll No. ....

Total No. of Questions 29] [Total No. of Printed Pages–16

Copyright Reserved A–835–A–XII–2325

HINDI

Time Allowed—3 Hours Maximum Marks—80

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

विशेष निर्देश :

(i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज अवश्य लिखिए।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।

Downloaded From Parikshafal.com

Downloaded From Parikshafal.com

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िए।

(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सुलेख व वर्तनी का विशेष ध्यान रखिए।

(v) खण्ड क में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उत्तरपुस्तिका में दी गई OMR Sheet पर ही दीजिए।

खण्ड-क

प्रश्न संख्या 1 से 16 तक में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों में से एक सही विकल्प का चुनाव कीजिए: $16 \times 1 = 16$

1. देवसेना मालवा नरेश बन्धुवर्मा की कौन थी?

(a) पत्नी

(b) माता

(c) बहन

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

Downloaded From Parikshafal.com

Downloaded From Parikshafal.com

2. कविता में कवि ने दीप का किसका प्रतीक माना है?

(a) आदमी का (b) समाज का

(c) प्रकृति का (d) उपरोक्त सभी का।

3. 'फणीश्वर नाथ रेणु' का जन्म कब हुआ था?

(a) सन् 1931 में (b) सन् 1917 में

(c) सन् 1925 में (d) सन् 1921 में।

4. भरत-राम का प्रेम कविता की रचना किस भाषा में हुई है?

(a) ब्रज भाषा में (b) अवधी भाषा में

(c) मैथिली भाषा में (d) खड़ी बोली में।

5. 'बुद्धू का काँटा' कहानी के लेखक है:

(a) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' (b) जय शंकर प्रसाद

(c) मुंशी प्रेमचंद (d) भीष्म साहनी।

6. 'चकि चित्रलिखी सी' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) अनुप्रास (b) उपमा

(c) यमक (d) श्लेष।

Downloaded From Parikshafal.com

Downloaded From Parikshafal.com

7. 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ में किस गाँव का उल्लेख हुआ है?

(a) भाखड़ा

(b) अमझर

(c) टिहरी

(d) कोल।

8. हाथी ने किसान के साथ साझे में किस फसल की खेती की?

(a) मक्की की

(b) टमाटर की

(c) बाजरे की

(d) गन्ने की।

9. सूरदास की झोंपड़ी में आग किसने लगाई थी?

(a) भैरों ने

(b) जगधर ने

(c) नायक राम ने

(d) सुभागी ने।

10. कोइयाँ किस फूल को कहते हैं?

(a) कमल

(b) गुलाब

(c) कुमुद

(d) मखाना।

11. 'दूसरा देवदास' कहानी के नायक का नाम क्या है?

(a) पारस

(b) संभव

(c) पुरु

(d) सूरदास।

Downloaded From Parikshafal.com

Downloaded From Parikshafal.com

12. वर्तमान छापेखाने का आविष्कार किसने किया?

(a) गुटेनबर्ग ने

(b) चिनमिन ने

(c) निहाल सिंह ने

(d) जॉनसन ने।

13. समाचार लेखन की प्रभावशाली शैली कौन सी है?

(a) वर्णनात्मक शैली

(b) विवेचनात्मक शैली

(c) पिरामिड शैली

(d) उल्टा पिरामिड शैली।

14. नाटक में कैसे पात्र होने चाहिए?

(a) सजीव

(b) निर्जीव

(c) कठपुतली

(d) रूढ़।

15. कहानी और नाटक कैसी विधाएं हैं?

(a) समान

Downloaded From Parikshafal.com

Downloaded From Parikshafal.com

(b) अलग-अलग

(c) विपरीत

(d) मिलती-जुलता।

10. सही मिलान कीजिए :

(A) मुंशी प्रेमचंद	(i) सरोज स्मृति, तोड़ती पत्थर, गीत गाने दो मुझे
(B) भीष्म साहनी	(ii) शेर, पहचान, चार हाथ
(C) निराला	(iii) गोदान, पूस की रात, पंच परमेश्वर
(D) असगर वजाहत	(iv) परिंदे, जलती झाड़ी, कव्वे और काला पानी

	(A)	(B)	(C)	(D)
(a)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(b)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(c)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(d)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)

Downloaded From Parikshafal.com

Downloaded From Parikshafal.com

17. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1,1,1,1,1,1

सम्पूर्ण सौरमण्डल में आज तक पृथ्वी ही ऐसा ज्ञात ग्रह है जहाँ जल का अपार भण्डार है। जल के बिना जीवन की कल्पना ही असम्भव है। जल ने ही पृथ्वी पर चर-अचर जीव जगत् को सम्भव बनाया है। मानव-शरीर में भी सर्वाधिक मात्रा जल की है। जल की कमी हो जाने पर जीवन के लाले पड़ जाते हैं और कृत्रिम उपायों से शरीर में उसकी पूर्ति करनी पड़ती है। स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन तथा हमारी सुख-सुविधा, आमोद प्रमोद और मनोरंजन भी जल से जुड़े हैं। घरों में कपड़े धोने, भोजन बनाने, स्नान करने और कूलर आदि चलाने में जल ही सहायक होता है। कल्पना कीजिए कि पृथ्वी जल-विहीन हो जाय तो क्या दृश्य उपस्थित होगा? सारा जीव जगत्-तड़प-तड़पकर दम तोड़ेगा। हमारी आकाश-गंगा का शायद एकमात्र दर्शनीय ग्रह यह पृथ्वी, सुनसान, कंकालों के ढेरों से युक्त पिण्ड बनकर रह जाएगी। आज प्रकृति के इस निःशुल्क उपहार पर संकट के बादल मँडरा रहे हैं। नगरों और महानगरों के अबाध विस्तार ने तथा औद्योगिकीकरण के उन्माद ने भूगर्भीय जल के मनमाने दोहन और अपव्यय को प्रोत्साहित

Downloaded From Parikshafal.com

Downloaded From Parikshafal.com

Downloaded From Parikshafal.com

किया है। भारत के अनेक प्रदेश, जिनमें राजस्थान भी सम्मिलित हैं, जल-स्तर के निरंतर गिरने से संकटग्रस्त हैं। जल की उपलब्धता निरंतर कम होते जा रहे हैं। इस संकट के लिए मनुष्य ही प्रधान रूप से उत्तरदायी है।

प्रश्न:

(i) सौर-मण्डल में जल का अपार भण्डार किस ग्रह पर है?

(ii) शरीर में जल की कमी हो जाने पर क्या होता है?

(iii) जल का घरों में उपयोग किस-किस रूप में होता है?

(iv) 'प्रकृति' शब्द के उपसर्ग तथा प्रत्यय बताइए।

(v) जल-स्तर के निरंतर गिरने से कैसा संकट हो सकता है?

(vi) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

18. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1½,1½,1½,1½

दिवसावसान का समय,

मेघमय आसमान से उतर रही है

वह संध्या-सुंदरी परी-सी

Downloaded From Parikshafal.com

धीरे-धीरे-धीरे।

तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास,

मधुर-मधुर हैं दोनों उसके अधर

किन्तु जरा गम्भीर नहीं है उनमें हास-विलास,

हँसता है तो केवल तारा एक

गुंथा हुआ उन घुंघराले काले-काले बालों से

हृदयराज्य की रानी का वह करता है अभिषेक।

अलसता की-सी लता

प्रश्न:

(i) इस काव्यांश में किस काल का वर्णन हुआ है?

(ii) मेघमय आसमान से कौन उतर रही है?

(iii) संध्या-सुन्दरी के अधरों की क्या विशेषता है?

(iv) संध्या की सखी कौन है?

(v) संध्या को कवि ने अलसता की-सी लता क्यों कहा है?

(vi) पद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।

Downloaded From Parikshafal.com

Downloaded From Parikshafal.com